# हर घर को शुद्ध पेयजल और हर खेत को सिंचाई का पानी पहुंचाना हमारा संकल्प : ऊर्जा मंत्री नागर



कोटा में ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने सांगोद में विभिन्न कार्यों का शिलान्यास किया।

- ऊर्जा मंत्री ने किया 1.90 करोड़ से अधिक के कार्यों शिलान्यास
- अधिशासी अभियंता पीएचईडी के कार्यालय का भी शुभारंभ

**कोटा,** (निसं)। ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने बुधवार को सांगोद में 1 करोड़ 90 लाख रुपए से अधिक की लागत से होने वाले विभिन्न कार्यों का शिलान्यास किया। शिलान्यास समारोह जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के सहायक अभियंता कार्यालय सांगोद में आयोजित हुआ। इस दौरान मुख्यमंत्री बजट घोषणा के अंतर्गत नवसृजित अधिशासी अभियंता कार्यालय (जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग) की स्थापना और शुभारंभ भी किया गया।

ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने कहा कि सांगोद विधानसभा क्षेत्र में हर घर को शुद्ध पेयजल और हर खेत तक सिंचाई का पानी पहुंचाना हमारा संकल्प है। राजस्थान सरकार के माध्यम से इस संकल्प की पूर्ति के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। मंत्री नागर ने कहा कि कभी सांगोद कस्बे में एक मटके पानी की भी किल्लत हुआ करती थी, लेकिन हम यह प्रयास कर रहे हैं कि आने वाले 20 वर्षों तक सांगोद नगर में पीने के पानी की कोई समस्या ना हो। इसके लिए आने वाले दिनों में अमृत 2 योजना का शिलान्यास किया जाएगा। ग्रामीण क्षेत्र के लिए पेयजल योजना के टेंडर की प्रक्रिया चल रही है। परवन से पेयजल का पानी मिल सकेगा।

वहीं अकावद बांध से हर खेत को पानी पहुंचाया जाएगा। जिससे खेती और किसानी समृद्धशाली बन सकेगी। उन्होंने कहा कि 10 महीने में भाजपा सरकार ने अंतरिम बजट के माध्यम से जो योजनाएं बनाई। सांगोद विधानसभा क्षेत्र को बड़ी संख्या में सौगातें मिली हैं। अब उनको पूरा करने के लिए काम किया जा रहा है। सांगोद में सीवरेज पाईपलाइन डालने के लिए 65 करोड़ की डीपीआर तैयार हो गई है और 20 करोड़ रुपए स्वीकृत हो गए हैं। इसके पूरे होने पर सांगोद में सीवरेज के माध्यम से गंदा पानी और खुली नालियां नहीं रहेंगे।

सांगोद को आदर्श नगर बनाने का काम करेंगे। नागर ने कहा कि विकास को धरातल पर पहुंचाने के लिए मुख्यमंत्री निरंतर योजना बना रहे हैं। किसानों को पर्याप्त बिजली देने के लिए गत दस माह में निरंतर प्रयास किया गया है। सांगोद का कोई जीएसएस नहीं बचा जहां दो ब्लॉक में बिजली नहीं मिलती हो। अधिकारियों को भी निर्बाध बिना ट्रिपिंग और बिना शटडाउन के 6 घंटे बिजली देने के लिए निर्देशित किया गया है।

आज भाजपा के प्रति लोगों का विश्वास जगा है। उपचुनाव के परिणाम में भी इसकी झलक देखने को मिली है। उन्होंने कहा कि सांगोद नगर में अधिशासी अभियंता कार्यालय खुलने से 50 किलोमीटर दूर चक्कर नहीं लगाना पड़ेगा। समारोह के दौरान समग्र शिक्षा अभियान (शिक्षा विभाग) के अंतर्गत स्वीकृत 70.24 लाख रुपए की लागत से निर्मित होने वाले कक्षा कक्षों के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया।

साथ ही, 15वें वित्त आयोग के अंतर्गत स्वीकृत 1 करोड़ 19 लाख रुपए से अधिक की लागत से किए जाने वाले सांगोद नगर की पुरानी और जर्जर पेयजल पाईपलाईन को बदलने के कार्य का भी शिलान्यास संपन्न हुआ। कार्यक्रम में जिला प्रमुख मुकेश मेघवाल, प्रधान जयवीर सिंह, उप प्रधान ओम अड़ूसा, मंडल अध्यक्ष गोपाल सोनी, देहात जिला उपाध्यक्ष दिलीप गर्ग, नगर पालिका में नेता प्रतिपक्ष रामावतार वर्मा, क्रय-विक्रय समिति के अध्यक्ष ओम मेहता, पूर्व नगर पालिका उपाध्यक्ष जगदीश प्रसाद शर्मा, अधीक्षण अभियंता भारत भूषण मिगलानी, एसडीएम रामावतार मीना समेत कई लोग मौजूद रहे।

# संविधान एक पवित्र ग्रंथ, सभी को इसका सम्मान करना चाहिये : देवनानी


कोटा प्रवास के दौरान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी का अभिनंदन किया।

- वासुदेव देवनानी का भाजपा कोटा शहर ने स्वागत किया

**कोटा,** (निसं)। कोटा प्रवास पर आये राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी का सर्किट हाउस कोटा में कोटा संभाग प्रभारी मुकेश दाधीच एवं भाजपा कोटा शहर जिलाध्यक्ष राकेश जैन के नेतृत्व में भाजपा कोटा शहर द्वारा दुपट्टा पहनाकर एवं पुष्पगुच्छ देकर अभिनंदन किया गया।

इस अवसर पर पत्रकारों को संबोधित करते हुए विधानसभा अध्यक्ष देवनानी ने कहा कि भारत का संविधान और लोकतंत्र इतना मजबूत है कि इसे कोई समाप्त नहीं कर सकता एवं इसे किसी से कोई खतरा नहीं है।

स्वतंत्रता के बाद 360 बार सत्ताओं का स्थानान्तरण हुआ है और बहुत ही शांति से हुआ है। लोकतंत्र की जड़े अत्यंत गहरी एवं मजबूत हैं।

इसलिये सभी नेताओं से आग्रह है कि संविधान का सम्मान करें, संविधान पर राजनीति न करें।

पिछले कुछ समय से कुछ लोग संविधान के प्रति अश्रृद्धा का निर्माण करके आमजन को संविधान के प्रति भ्रमित कर रहे है।

ऐसा नहीं किया जाना चाहिये। संविधान एक पुस्तक नहीं अपितु एक पवित्र ग्रंथ है। हम सभी को उसका सम्मान करते हुए आगे बढना चाहिये।

## सद्बुद्धि हवन किया

**छबड़ा** (निसं)। मोतीपुरा स्थित छबडा थर्मल पावर प्लांट में चल रहे ज्वाइंट वेंचर के खिलाफ विरोध प्रदर्शन की कडी में थर्मल कर्मियों ने सद्बुद्धि हवन किया।

# 'पुरानी पेंशन स्कीम को लेकर युवा रेल कर्मचारियों का रेलवे मजदूर संघ को खुला समर्थन'

**कोटा,** (निसं)। पुरानी पेंशन स्कीम को लेकर आगामी चुनाव में युवा रेलवे कर्मचारियों का वेस्ट सेंट्रल रेलवे मजदूर संघ को खुला समर्थन मिल रहा है, यह जानकारी वेस्ट सेन्ट्रल रेलवे मजदूर संघ के महासचिव अशोक शर्मा ने दी।

उन्होंने कहा कि इन चुनावों मे पुरानी पेंशन योजना मुख्य मुद्दा है और इस मुद्दे के साथ एनएफआईआर/वेस्ट सेन्ट्रल रेलवे मजदूर संघ एकमात्र रेलवे संगठन हैं, जो ओपीएस के समर्थन को लेकर सरकार से लड़ाई लड़ रहा है। जबकि अन्य संगठनों ने सरकार की यूपीएस नीति को मौन स्वीकृति देकर यूपीएस पर चुप्पी साध रखी है।

वेस्ट सेन्ट्रल रेलवे मजदूर संघ ने सदैव रेल कर्मचारियों एवं उनके परिवार के लिए लगातार संघर्ष किया है एवं हित के लिए कार्य करता रहा हैं, रेल कर्मचारी एवं उनके परिवार के लिए अभी एक चुनौती सामाजिक सुरक्षा के आवरण की ओल्ड पेंशन स्कीम को लेकर है।

अशोक शर्मा ने कहा कि 2004 मे जब सरकार नई पेंशन स्कीम लेकर आई तो बिल पर लाल झंडे की युनियन द्वारा हस्ताक्षर कर रेल कर्मचारियों के साथ 40 लाख केन्द्रीय कर्मचारियों की सुरक्षा आवरण को छिन्न-भिन्न कर दिया। वहीं अब सरकार 2024 मे यूपीएस लेकर आई तो लाल झंडे यूनियन के महासचिव ने इसे भी स्वीकार कर सार्वजनिक रूप से कहा कि यूपीएस बहुत अच्छी है, जिसके बाद रेल कर्मचारियों का आंदोलन खत्म हो गया है।

लाल झंडा यूनियन के इस कर्मचारी विरोधी रवेय्यै से लाखों रेल कर्मचारी एवं उनके परिवार की सामाजिक सुरक्षा खतरे मे आ गई है।

रेलवे में मान्यता के लिए आगामी चार पांच और छह दिसंबर को मतदान होने जा रहे हैं जिसमें करीब 51260 रेलवे कर्मचारी मतदान करेंगे जबलपुर जॉन के कोटा भोपाल और जबलपुर मंडल में मतदान होगा।

वेस्ट सेन्ट्रल रेलवे मजदूर संघ कई मांगो को लेकर चुनावी मैदान में है जिनमें मुख्य रूप से वेस्ट सेन्ट्रल रेलवे मजदूर संघ आठवें वेतन आयोग के गठन, रेल्वे में खाली पड़े पदों को भरने की मुख्य मांग करता है, लेकिन रेल्वे में खाली पड़े पदों को भरने के लिये स्वीकृति रेल मंत्रालय के स्थान वित्त मंत्रालय से लेनी पड़ती है। वेस्ट सेन्ट्रल रेलवे मजदूर संघ की मांग है कि ग्रुप-डी मे भर्ती होने वाले कर्मचारियों को ट्रेकमेन्टेनर मे भर्ती दी जाये, कर्मचारियों के काम के घंटे घटाकर 08 घंटे किये जाये।

वेस्ट सेन्ट्रल रेलवे मजदूर संघ के महामंत्री ने अपनी जीत का दावा करते हुए बताया कि कोटा, भोपाल व जबलपुर मण्डल मे मजदूर संघ की लहर है। इस मौके पर वेस्ट सेन्ट्रल रेलवे मजदूर संघ के जोनल अध्यक्ष सी.एम. उपाध्याय, महामंत्री अशोक शर्मा, मण्डल अध्यक्ष एस.के.गुप्ता, मण्डल सचिव अब्दुल खालिक, राम चरण मीना उपस्थित रहे।

## सार-समाचार

### टिकट चैकिंग अभियान चलाया

**कोटा,** (निसं)। मंडल में बिना टिकट यात्रा करने वाले यात्रियों पर अंकुश लगाने के लिए वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक के निर्देशन में लगातार सघन टिकट चैकिंग अभियान चलाया जा रहा है। विगत कई दिनों से लोकल सवारी गाड़ियों में बिना टिकट यात्रा करने की लगातार शिकायतें मिल रही थी। जिसके मद्देनजर 15 दिवसीय एक विशेष टिकट चैकिंग अभियान में दिनांक 12 नवम्बर से 26 नवम्बर तक में झालावाड़ रेल मार्ग पर गाड़ी संख्या 05837/05838 अकलेरा-कोटा-अकलेरा सवारी गाड़ी में चलाया गया। जिसमे कुल 1108 यात्री बिना टिकट यात्रा करते पकड़े गए जिनसे रेलवे ने कुल 3.19 लाख रूपए का जुर्माना वसूला गया। इस टिकट चैकिंग अभियान के दौरान कई यात्रियों को पुराने अनारक्षित टिकट पर बार-बार यात्रा करने एवं बीते दिनों के पुराने तिथि के ऑनलाईन जनरल टिकट पर यात्रा के मामलें पकड़े गए। रेलवे ने इस अभियान से नई-नई फर्जी तरकीबों से बिना टिकट यात्रा करने वालें यात्रियों पर जबरदस्त शिकंजा कसा गया है। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक रोहित मालवीय ने बताया कि यह कार्यवाही आगे भी निरन्तर जारी रखने के निर्देश दिए गए हैं ताकि यात्री गाड़ियों में बिना टिकट यात्रा करने वाले यात्रियों पर अंकुश लगाया जा सकें। रेल यात्रियों से अनुरोध है कि वे उचित टिकट लेकर ही यात्रा करें। ताकि यात्रा के दौरान किसी प्रकार की असुविधा न हो।

### खेल सप्ताह का शुभारंभ

**झालावाड़** (निसं)। अभिभाषक परिषद, झालावाड की ओर से 27 नवंबर से एक 1 दिसम्बर तक खेल सप्ताह मनाया जा रहा है। अभिभाषक परिषद के अध्यक्ष श्याम सुंदर गुप्ता एवं महासचिव देशराज सिंह शक्तावत ने बताया कि खेल सप्ताह का शुभारंभ आज प्रात: 6:30 बजे खेल संकुल में 7 किलोमीटर की मैराथन दौड़ को हरी झंडी दिखाकर माननीय जिला एवं सेशन न्यायाधीश सिया रघुनाथ दान ने किया। खेल सप्ताह प्रभारी एडवोकेट तंवर सिंह झाला ने बताया कि प्रतिदिन विभिन्न खेलों का आयोजन किया जाएगा जिसमें क्रिकेट शतरंज बैडमिंटन आदि कई अन्य खेल खिलाए जाएंगे । एडवोकेट कविम जैन ने बताया कि खेल सप्ताह में वकीलों के अलावा न्यायाधीश गण भी हिस्सा ले रहे हैं तथा वकीलों एवं न्यायाधीशों की टीम के मध्य क्रिकेट मैच भी खेला जाएगा।शुभारंभ के अवसर पर मुख्य न्यायाधीश मनोज कुमार एवं अधिवक्ता राम महेश्वरी, श्याम सिंह पवार, गुरुचरण सिंह, भगवान कश्यप, राजेश गुप्ता, राजेंद्र गर्ग, सौम्य परिहार, अविनाश गुप्ता, रवजोत सिंह महेंद्र सिंह, विनोद गोचर, अजय गुप्ता आदी उपस्थित रहे। इस अवसर पर 7 किलोमीटर मैराथन दौड का आयोजन खेल संकुल में किया गया जिसमें प्रथम तंवर सिंह झाला द्वितीय शशांक माहेश्वरी एवं तृतीय आसीम खान स्वादि रहे।

### ब्रोशर का विमोचन

**कोटा,** (निसं)। अग्रसेन वेलफेयर सोसायटी संस्था कोटा एवं अखिल भारतीय युवा अग्रवाल सम्मेलन कोटा द्वारा आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता अग्रवाल प्रीमियर लीग 22 दिसम्बर को जेके पेवेलियन नयापुरा स्टेडियम में आयोजित होगा। कार्यक्रम संयोजक संजय गोयल, मयंक अग्रवाल, विनीत अग्रवाल ने बताया कि अग्रवाल प्रीमियर लीग के ब्रोशर का विमोचन समाजसेवी सन्दीप अग्रवाल चाँदीवाला व अखिल भारतीय युवा अग्रवाल सम्मेलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष हेमराज जिंदल ने किया। इस अवसर पर सन्दीप अग्रवाल व हेमराज जिंदल ने कहा कि खेलों को बढ़ावा देने के लिए ऐसे आयोजन होते रहना चाहिऐं। जिससे नई-नई प्रतिभाएं आती हैं। वेलफेयर सोसायटी के अध्यक्ष ने बताया कि इस आयोजन में 4 टीमें रहेगी। जिनमें 15-15 ओवर का मैच होगा। इस अवसर पर संरक्षक जगदीश अग्रवाल प्रोपर्टी, डॉ.आरके राजवंशी, महामंत्री हनुमान गुप्ता, सुनील नीमोदीया, महिला अध्यक्ष रूचि अग्रवाल, युवा अग्रवाल सम्मेलन के जिला अध्यक्ष सुमीत जैन, सुनीता गर्ग, सुरेश सिंघल, महेंद्र गर्ग, द्रोपदी सिंघल, मनीष गोयल उपस्थित थे।

### ओपीएस की भांति यूपीएस को बेहतर बनाने तक चैन से नहीं बैठेंगे : गालव

**कोटा,** (निसं)। कोटा यूनियन महामंत्री मुकेश गालव ने कहा कि एनपीएस की जगह ओपीएस के लिए जो संघर्ष एआईआरएफ डबलूसीआरईयू ने शुरू किया था, उसके परिणामस्वरूप 80 प्रतिशत सफलता यूपीएस के रूप में मिली है, लेकिन जो 20 प्रतिशत लाभ ओपीएस की तरह मिलने से बचा है जिसमें ओपीएस में पीएफ की राशि जो कर्मचारी के मासिक वेतन से सेवानिवृति तक काट कर पीएफ खाते में कराया जाता था जिसका भुगतान कर्मचारी को सेवानिवृति पर प्रभावी ब्याज सहित भुगतान कर दिया जाता था परन्तु यह प्रावधान वर्तमान यूपीएस में नहीं है। जिसके लिये डब्ल्यूसीआरईयू/एआईआरएफ यूपीएस में जमा राशि को कर्मचारी की सेवानिवृति के समय ब्याज सहित भुगतान करवाने के लिये संघर्ष कर रही है। जिसको निश्चित रूप से सरकार से लड़ाई लड़ कर प्राप्त कर लिया जायेगा। तब तक डब्ल्यूसीआरईयू एआईआरएफ का संघर्ष यूपीएस को ओपीएस से भी बेहतर बनाने तक जारी रहेगा।

### शिवाजी पार्क की दुर्दशा के लिए ज्ञापन

**कोटा,** (निसं)। डीसीएम रोड स्थित शिवाजी पार्क की हो रही दुर्दशा से अवगत कराने के लिए यूआईटी/केडीए सेक्रेटरी केके कोठारी को मॉर्निंग क्लब के अध्यक्ष धर्मेंद्र दीक्षित, भाजपा एस.सी. मोर्चा प्रदेश महामंत्री अशोक मीणा, राम मीणा, चंद्रप्रकाश महावर ने लिखित में ज्ञापन देकर समस्याओं से अवगत कराया मॉर्निंग क्लब के अध्यक्ष धर्मेंद्र दीक्षित ने बताया कि शिवाजी पार्क में ओपन जिम की मरमत के अभाव में पूरी मशीन टूट चुकी है, पार्क में साफ-सफाई नहीं होती है, पत्थर की जालियां, गुलदस्ते टूटे हुए हैं, मॉर्निंग वॉक ट्रैक टूट रहा है, निर्माणधीन योग भवन छतरियों का कार्य 2 वर्ष से अधूरा पड़ा हुआ है यूआईटी सेक्रेटरी, यूआईटी एक्शन, यूआईटी जेईएन से पदाधिकारियों ने वार्तालाप कर सभी समस्याओं का शीघ्र समाधान करने को कहा।

# राजकीय महाविद्यालय कोटा में रिक्रूटमेंट ड्राइव आयोजित



राजकीय महाविद्यालय, कोटा में रिक्रूटमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया।

- 2 से 3 लाख के पैकेज पर 15 विद्यार्थियों का चयन

**कोटा,** (निसं)। राजकीय महाविद्यालय कोटा में प्लेसमेंट सेल द्वारा रिक्रूटमेंट ड्राईव का आयोजन किया गया। एनआईआईटी कंपनी ने विद्यार्थियों का आईसी आईसीआई, एफबीआई प्राईवेट बैंकों में मैनेजर पद हेतु साक्षात्कार लिया।

प्लेसमेंट सेल की संयोजक प्रोफेसर सुमन शर्मा ने छात्र-छात्राओं को अपनी कौशल एवं योग्यता से प्राईवेट सेक्टर में जोब प्राप्त करने हेतु प्रेरित किया एवं महाविद्यालय में प्लेसमेंट सेल, स्टार्टअप की अधिक से अधिक जानकारी प्राप्त कर विभिन्न कंपनियों में रोजगार या स्वयं का स्टार्टअप शुरू करने की सलाह दी।

उन्होंने बताया कि रोजगार हेतु बी.एससी एवं एम.एससी के विद्यार्थियों ने विभिन्न पदों हेतु कंप्यूटर टेस्ट एवं साक्षात्कार में भाग लिया। प्रथम चरण के बाद चयनित विद्यार्थियों को 2 से 3 तीन लाख के रोजगार हेतु ऑफर लेटर प्राप्त होंगे। केंपस प्लेसमेंट के इस आयोजन की अध्यक्षता कार्यवाहक प्राचार्य प्रोफेसर अंजू कपूर ने की। इस तरह के कार्यक्रम को विद्यार्थी हित के लिए आवश्यक बताते हुए उन्होंने छात्र-छात्राओं को अपनी रुचि के अनुसार जोब चुनने पर जोर दिया। एनआईआईटी कंपनी के प्रतिनिधि सुनील कुमार एवं राजेंद्र लोधा ने महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं के बहुआयामी एवं आईटी संबंधी टेस्ट में बढ़-चढ़कर भाग लेने को सराहा। दो चरणों में साक्षात्कार आयोजित किया।

इस आयोजन में कैरियर काउंसलिंग एवं स्टार्टअप के बारे में प्रो.एच.एस गोस्वामी ने छात्र-छात्राओं का मार्गदर्शन किया। प्रो. रीना कुमारी ने रिक्रूटमेंट ड्राइव का सफल संचालन किया। वरिष्ठ संकाय सदस्य प्रोफेसर बी.बी.जैमिनी, प्रोफेसर उत्तर चंद्रावत, प्रोफेसर कुसुम ङंग डॉ.मंजू शर्मा, डॉ.जितेंद्र कुमार, डॉ दीपमाला मीणा ने पंजीकरण काउंटर पर छात्र-छात्राओं को साक्षात्कार के विभिन्न चरण एवं जोब नेचर, जॉब ऑफर आदि के बारे में जानकारी उपलब्ध करवा कर विद्यार्थियों का सहयोग किया। दिनभर चले इस रिक्रूटमेंट ड्राइव में लगभग 45 छात्र- छात्राओं ने भाग लिया जिसमें से 15 छात्र-छात्राओं का रिलेशनशिप मैनेजर हेतु 2 से 3 लाख के पैकेज पर चयन हुए।

## अस्थाई आश्रय स्थल 1 दिसंबर से प्रारंभ होंगे

**कोटा,** (निसं)। दिसंबर में सर्दी के तेवर तीखे होने के आशंका को देखते हुए नगर निगम कोटा उत्तर ने अस्थाई आश्रय स्थल प्रारंभ करने की तैयारी कर ली है। कोटा उत्तर नगर निगम क्षेत्र में 1 दिसंबर से तीन अस्थाई आश्रय स्थल प्रारंभ हो जाएंगे जहां खुले में सोने को मजबूर लोगों को सुविधायुक्त आश्रय उपलब्ध करवाया जाएगा।

# जिला कलेक्टर ने जनसमस्याएं सुनी

**कोटा,** (निसं)। कनवास उपखंड की मोरुकला ग्राम पंचायत मुख्यालय पर मंगलवार रात कलेक्टर डॉ रविन्द्र गोस्वामी ने रात्रि चौपाल में ग्रामीणों से संवाद किया। इस दौरान जनसुनवाई में ग्रामीणों की समस्याएं सुनी गईं और संबंधित विभागों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने कहा कि विभागीय अधिकारी ग्रामीणों से नियमित संवाद बनाए रखें और योजनाओं की जानकारी उन्हें दें। खंड विकास अधिकारी कुशलेश्वर सिंह ने बताया कि जनसुनवाई के दौरान कुल 40 परिवाद प्राप्त हुए। इन परिवादों में पानी भराव, पट्टे जारी करने, प्रधानमंत्री आवास योजना, बिजली आपूर्ति, और चिकित्सालय में चिकित्सक पद रिक्तता जैसी समस्याएं शामिल थी।

कलेक्टर ने निर्देश दिए कि इन समस्याओं का गुणवत्तापूर्ण समाधान आपसी समन्वय के साथ जल्द से जल्द सुनिश्चित किया जाऐं। उन्होंने बताया वार्ड नं. 10 के निवासियों ने पानी भराव की शिकायत की। कलेक्टर ने संबंधित विभाग को तुरंत कार्रवाई के निर्देश दिऐं। वही वार्ड नं. 3 और 5 के निवासियों ने पट्टे जारी करने की मांग की। उन्होंने बताया रात्रि चौपाल में प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभ, बिजली समस्याएं, और चिकित्सा सेवाओं में सुधार जैसी शिकायतें मुख्य रहीं। कलेक्टर डॉ.गोस्वामी ने कहा कि विभागीय अधिकारी ग्रामीणों से संवाद करते रहे और उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान करें साथ ही, परिवादियों को उनके मुद्दों पर मार्गदर्शन देने की बात कही।

## कार्यशाला का आयोजन

**कोटा,** (निसं)। बाल वाहिनियों के संचालन में लापरवाही के कारण हो रही दुर्घटनाओं में कमी लाने तथा स्कूली छात्र-छात्राओं को सुरक्षित एवं सुविधाजनक वाहन व्यवस्था उपलब्ध कराने के लिए बाल वाहिनी के संबंध में जारी दिशा-निर्देशों के बारे में निजी स्कूलों में नियुक्त रोड सेफ्टी ऑफिसर, बाल वाहिनी चालकों एवं टैक्सी यूनियन से जुड़े चालकों की प्रशिक्षण कार्यशाला बुधवार को ऑडिटोरियम में आयोजित की गई।

कार्यशाला में बताया गया कि विद्यालयों द्वारा बाल वाहिनियों के लिए जारी दिशा-निर्देशों की पूर्णतया पालना नहीं करने के कारण विद्यार्थियों का जीवन जोखिम में पड़ सकता है। ऐसे में इन दिशा-निर्देशों की अक्षरश: पालना सुनिश्चित की जाऐं। जिला कलेक्टर के निर्देशों की अनुपालना में आयोजित इस कार्यशाला में पीपीटी के माध्यम से शिक्षा एवं परिवहन विभाग द्वारा बाल वाहिनी के संबंध में जारी दिशा-निर्देशों के साथ ही सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के पालन के बारे में जानकारी दी गई।

## सद्बुद्धि यज्ञ किया

**कोटा,** (निसं)। संयुक्त उद्यम (जेवी) किए जाने के विरोध और पुरानी पेंशन की मांग को लेकर 36 वें दिन भी थर्मल के अभियंता कर्मचारियों ने रोजाना की तरह एक घंटा कार्य बहिष्कार किया और सद्बुद्धि यज्ञ करके सरकार की सोच बदलने की कामना की ताकि वो अपना जनविरोधी निर्णय बदले।

# 'बिना परमिशन के अवैध रूप से डाली जा रही थी कोटा स्टोन स्लरी'


कोटा अवैध तरीके से खाली भूखंड पर कोटा स्टोन की स्लरी डलवाई जा रही है।

**कोटा,** (निसं)। सरकारी स्कूल के पास खाली जगह पर कोटा स्टोन की स्लरी डालने पर विवाद खड़ा हो गया। स्थानीय पार्षद ने लोगों के साथ मिलकर स्लरी डालने आए ट्रैक्टरों को रोक दिया और स्लरी नहीं डालने दिया।

पार्षद व मौके पर मौजूद लोग अधिकारियों को मौके पर बुलाने की मांग पर अड़ गए। विवाद की स्थिति के बाद कोटा स्टोन एसोसिएशन के पदाधिकारी मौके पर पहुंचे और आपसी सहमति से समस्या का समाधान निकालने को राजी हुए। पार्षद कमलकांत ने बताया कि अनंतपुरा इलाके में बरड़ा बस्ती जाने वाले रास्ते पर नई बने सरकारी स्कूल के पास अवैध रूप से कोटा स्टोन की स्लरी का डंपिंग यार्ड बना रखा है। स्लरी डालने वालो की 25 रुपए की पर्ची काटी जा रही है। इस स्लरी से दिनभर रोड़ पर धूल उड़ती है। सांस की बीमारी का खतरा भी बना रहता है।

स्कूल के बच्चे भी यहां से निकलते है। हाल में शिक्षा मंत्री मदन दिलावर की जनसुनवाई में इस मुद्दे को उठाया गया था लेकिन कोई समाधान नहीं हुआ। पार्षद ने कहा कि आज सुबह स्लरी से भरे ट्रैक्टर से हादसा होते-होते बच गया। जिसके बाद लोगों ने ट्रैक्टर को रोक लिया लेकिन ड्राइवर फरार हो गया। सूचना पर मौके पर गया। वहां अन्य ट्रैक्टर भी स्लरी डालने आ रहे थे। 5-6 ट्रैक्टरों को रोक दिया। जिसके बाद कोटा स्टोन एसोसिएशन के पदाधिकारी आ गए। उनसे स्लरी डालने की परमिशन मांगी।

उनके पास परमिशन नहीं थी। उन्होंने 2016 की सुभाष नगर इलाक़े की परमिशन होना बताया। केडीए के अधिकारियों को इस बारें में फोन किया। उधर से कोई रिस्पांस नहीं आया। केडीए एक्सईएन पवन शर्मा के अनुसार मंत्री की जनसुनवाई में ये मुद्दा सामने आया था। यहां स्लरी डालने की परमिशन नहीं है। समस्या का समाधान करवाया जा रहा है। फिलहाल स्लरी डालने का काम बंद करवा दिया।

**नाम परिवर्तन**

पूर्व में मेरा नाम बुन्दू कुरायशी था जिसे बदलकर मैंने बुन्दू कुरैशी रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जावे, पता: एजाज टेलर के पास, इमली चौक हिरन बाजार चन्द्र घटा, कोटा

**कार्यालय कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा**

क्रमांक:-एफ-15/कृ.भू.रू./2024/2857 विज्ञप्ति दिनांक:-27.11.2024

सर्व साधारण को जर्ये विज्ञप्ति सूचित किया जाता है कि ग्राम बालिता में स्थित कृषि भूमि योजना श्री नाथ नगर भूखंड संख्या 30 खसरा नं. 235 आवेदक/आवेदिका श्री चेतन कुमार जैन पुत्र श्री शांति लाल जैन निवासी सी-43 चंचल विहार कुन्हाड़ी गिरधरपुरा थर्मल कालोनी कोटा राज. द्वारा पट्टा जारी करने हेतु न्यास कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत किया गया है। आवेदक द्वारा प्रस्तुत पत्रावली में संलग्न दस्तावेज का अवलोकन किया गया तो यह तथ्य सामने आये है कि खातेदार इन्द्र देवी पत्नी श्री धनेश कुमार एवं धनेश कुमार पुत्र श्री लालचन्द द्वारा इकरारनामा दिनांक 09.12.2004 एवं 09.12.2014 को मै. श्रीनाथ एन्टर. जर्ये प्रो. श्री हेमन्त कुमार अग्रवाल पुत्र श्री धनेश अग्रवाल को किया गया। क्रेता हेमन्त कुमार अग्रवाल द्वारा इकरारनामा दिनांक 09.12.2014 को शांतिलाल जैन पुत्र श्री मोती लाल जैन को बैचान किया गया। क्रेता शांतिलाल जैन की मृत्यु प्रमाण पत्र अनुसार दिनांक 05.02.2021 को हो चुकी है। मृतक के विधिक वारिसान पत्नी श्रीमती कांता जैन, पुत्र अशोक जैन, अनिल कुमार जैन, अमृत लाल जैन, राजेन्द्र कुमार जैन, चेतन कुमार जैन है। वारिसान श्रीमती कांता जैन, अशोक जैन, अनिल कुमार जैन, अमृत लाल जैन, राजेन्द्र कुमार जैन द्वारा सहमति शपथ पत्र प्रस्तुत कर आवेदक पक्ष में पट्टा जारी करने हेतु निवेदन किया गया है।

अत: श्री चेतन कुमार जैन पुत्र श्री शांति लाल जैन के पक्ष में नाम पट्टा जारी किये जाने में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो अन्दर 7 योम कार्यालय में उपस्थित होकर अथवा लिखित में अद्योहस्ताक्षरकर्ता को प्रस्तुत करें। मियाद गुजर जाने के बाद आपत्ति मान्य नही होगी। उपसचिव कोटा विकास प्राधिकरण

**कार्यालय नगरपालिका मण्डल, झालरापाटन**

क्रमांक: न.पा.झा.पा./भूमि/2024/4321 दिनांक 25.11.24

**आपत्ति आमंत्रण लोक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री गजेन्द्र कुमार सच्चर पुत्र स्व. श्री रविन्द्रनाथ सच्चर निवासी स्वर्ण सदन हाई स्कूल रोड झालरापाटन के द्वारा प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर शहर झालरापाटन में स्थित द्वारकापुरी आवासीय योजना के प्लाट नं. 33 साईज 40.8+41.3/2x23=941.85 वर्गफीट भूखंड की लीज स्वयं के नाम से हस्तांतरण करवाना चाहते है। इस संबंध में किसी भी व्यक्ति आदि को कोई आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशित होने की दिनांक से 07 दिवस के अन्दर-अन्दर अपने सक्षम दस्तावेजों के साथ अपनी आपत्ति कार्यालय समय में नगरपालिका में प्रस्तुत कर सकते है। बाद गुजरने मियाद कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी। आवेदक के पक्ष में लीज हस्तान्तरण कर दी जावेगी। अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका झालरापाटन